समाचार पत्रिका

नवागंतुकों के कौशल और अवसरों के बीच सेतु: शिखर सम्मेलन

15 अप्रैल, 2026

नवागंतुकों के लिए निष्पक्षता पर प्रीमियर का शिखर सम्मेलन नियोक्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों और नवागंतुकों को एक साथ लाता है, ताकि कौशल को अवसरों से जोड़ा जा सके और बाधाओं को दूर किया जा सके।

अल्बर्टा इस बात पर केंद्रित है कि आव्रजन/ इमीग्रेशन टिकाऊ हो, नवागंतुक अपने कौशल का उपयोग कर सकें, करियर के रास्ते खोज सकें और जहाँ उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है, वहाँ योगदान दे सकें। जैसे-जैसे नवागंतुक अपने नए घरों, नौकरियों और समुदायों में बसते हैं, अल्बर्टा सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उन्हें सफल होने के लिए आवश्यक सहयोग और अवसर मिलें।

नवागंतुकों के लिए निष्पक्षता पर प्रीमियर का यह शिखर सम्मेलन व्यावहारिक समाधानों पर केंद्रित है, जिसमें प्रमाण-पत्रों की मान्यता में सुधार, मेंटरशिप के अवसरों का विस्तार और नियोक्ताओं तथा कुशल कामगारों के बीच संबंधों को मजबूत करना शामिल है।

" हमारा प्रांत लाभान्वित होता है जब नवागंतुक अपने कौशल के साथ योगदान देते हैं और यहाँ अपना भविष्य बनाते हैं। यह शिखर सम्मेलन बाधाओं को तोड़ने और नवागंतुकों द्वारा अपने साथ लाए गए कौशल को पहचानने के बारे में है।यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि अल्बर्टा में उस सफलता को समर्थन देने और सभी अल्बर्टा वासियों के लिए परिणाम देने की क्षमता है।

डेनिएल स्मिथ, प्रीमियर

इस वर्ष नवागंतुकों के लिए निष्पक्षता पर प्रीमियर का चौथा शिखर सम्मेलन है। "अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाना: नवागंतुकों के लिए स्किल्स और करियर बनाना" थीम के तहत, इस शिखर सम्मेलन में नवागंतुकों की सफलता की कहानियाँ, पेशेवर एकीकरण में मेंटरशिप की भूमिका, सर्वोत्तम प्रथाएं और व्यावहारिक रास्तों को उजागर किया गया, जो नवागंतुकों को अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था में योगदान देने और उसमें समाहित होने में मदद करते हैं।

"नवागंतुक अल्बर्टा के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जो हमारी अर्थव्यवस्था और समुदायों में कौशल, नवाचार और जीवंतता लाते हैं। यह शिखर सम्मेलन नवागंतुकों के आगमन पर उपलब्ध संसाधनों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। चाहे सही नौकरी ढूँढना हो, अपने कौशल और शिक्षा का उपयोग कर करियर का मार्ग प्राप्त करना हो, या व्यवसाय शुरू करना हो–नए अल्बर्टावासियों को बसने और सफल होने में मदद के लिए सहायताउपलब्धहै।"
मुहम्मद यासीन, सहयोगी मंत्री, बहुसांस्कृतिकता

समाचार पत्रिका

अल्बर्टा सरकार यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि आव्रजन टिकाऊ हो और श्रम बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप हो। नवागंतुकों के समर्थन के लिए हाल के कदमों में ऐसा कानून शामिल है, जो नियामक संस्थाओं को पंजीकरण के लिए कनाडाई कार्य अनुभव की अनिवार्यता लगाने से रोकता है, जब तक कि स्वास्थ्य या सुरक्षा कारणों से इसकी आवश्यकता न हो।

अल्बर्टा सरकार ने हाल ही में बिल 21, इमिग्रेशन ओवरसाइट एक्ट भी पेश किया है। यदि यह पारित हो जाता है, तो यह कानून नवागंतुकों को शोषणकारी नियोक्ताओं, भर्ती एजेंटों और सलाहकारों से बचाएगा, क्योंकि विदेशी कामगारों को नियुक्त करने वाले व्यवसायों के लिए प्रांत में पंजीकरण अनिवार्य होगा। इसके साथ ही, इमिग्रेशन सलाहकारों और अंतरराष्ट्रीय भर्ती एजेंटों के लिए प्रांतीय लाइसेंस आवश्यक होगा।

इस शिखर सम्मेलन से प्राप्त सुझाव भविष्य की नीतियों और कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करेंगे, ताकि नवागंतुक अपने कौशल को अवसरों से बेहतर ढंग से जोड़ सकें और अल्बर्टा की दीर्घकालिक वृद्धि में योगदान दे सकें।

संबंधितजानकारी

नवागंतुकों के लिए निष्पक्षता पर प्रीमियर का शिखर सम्मेलन Premier’s Summit on Fairness for Newcomers

मीडियासंपर्क

सैम ब्लैकेट

Sam.Blackett@gov.ab.ca

587-589-6048

प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय

हंटर बारिल

hunter.baril@gov.ab.ca

780-619-5774

प्रेस सचिव, नौकरियाँ, अर्थव्यवस्था, व्यापार और आव्रजन